सीखने के लिए बातचीत: माध्यमिक अंग्रेज़ी

हिन्दी (अंग्रेज़ी के साथ)
कमेंट्री: इस माध्यमिक अंग्रेज़ी की कक्षा में शिक्षिका, एक स्थानीय गाँव के मेले के बारे में, पत्रिका का एक लेख लिखने के लिए, विद्यार्थियों को तैयार कर रही हैं। कक्षा पहले मिलकर विचारमंथन कर रही है। **शिक्षिका:** And now we will talk about - disadvantages. **विद्यार्थी १:** Ma'am, जिस time हम मेले जाते हैं, पापा-मम्मी के साथ जाते हैं, हम छूट-छाट जाते हैं, खो जाते हैं वहाँ। **विद्यार्थी २:** हम लोग मेले में जब जाते हैं, तो वहाँ sound बहुत तेज़ बजता है, तो हम लोगों को हानि पहुँचती है। **शिक्षिका:** Now, we have some points. And, on the basis of these points, you have five minutes to discuss about these points. And you have to discuss in your pair. So, row 1 and 2, you are the pairs. You pair, you, you and you! And you, row 3 and 4, you are a pair. कमेंट्री: शिक्षिका अंग्रेज़ी में स्पष्ट निर्देश देती हैं, जिन्हें समझ पाने में विद्यार्थी सक्षम हैं। हाँलाकि, चर्चा के दौरान, अपने विचार उभारने के लिए - अधिकतर विद्यार्थी - हिंदी में ज़्यादा सहज महसूस करते हैं... **शिक्षिका:** So, now you have to discuss about these points. And you have to think - how you can write an article! All right? So, in pairs - you will discuss... **विद्यार्थी १:** दुर्गा के वहाँ पर... **विद्यार्थी ३:** क्या देखा? **विद्यार्थी १:** हमने दुकानें देखीं।

विद्यार्थी ३: किसकी?

विद्यार्थी १: Shop देखी balloons की...

विद्यार्थी ३: और?

विद्यार्थी १: और sweet की...

विद्यार्थी ३: और?

विद्यार्थी १: और... circus देखा।

विद्यार्थी ३: चूड़ियाँ देखीं, और... गुड्डा-गुडिया देखा। और... जलेबी की दुकान पर गये। मंदिर गए, प्रसाद चढ़ाया।

विद्यार्थी ४: Magic show, film show, games, circus और toys, stores, sweets.

विद्यार्थी ५: Temple.

विद्यार्थी ४: Temple.

विद्यार्थी ६: And... bought the clothes and toys, OK? And... और बहुत सारी चीज़ें खरीदते हैं हम। And eat two पानीपूरी, and चाट, OK?

कमेंट्री:

बाद में शिक्षिका को - अपने विद्यार्थियों के विचारों को - अंग्रेज़ी में व्यक्त करने में, उनकी मदद करनी होगी, ताकि वे अपने लेख लिख पाएँ।

विद्यार्थी ७: Toys and games देखते हैं। Toys खरीदते हैं।

विद्यार्थी ८: और फिल्म देखते हैं।

विद्यार्थी ७: Enjoy करते हैं।

विद्यार्थी ८: अपने दोस्तों के साथ झूला झूलते हैं। और घूमते हैं। और दुकानों पर कुछ खरीदते हैं।

विद्यार्थी ७: Shopping करते हैं।

विद्यार्थी ८: और रामलीला भी देखते हैं।

विद्यार्थी ७: Games, राम-सीता स्वयंवर।

विद्यार्थी ४: फिल्म देखी, magic show देखा। झूला झूला, नौटंकी देखा। Orchestra देखा, और other show थे, वो भी हमने देखे।

विद्यार्थी ५: Games खेले।

विद्यार्थी ४: और games खेला।

कमेंट्री:

आप ऐसी कौनसी, दूसरी गतिविधियाँ सोच सकते हैं, जिनकी तैयारी में - विद्यार्थियों की बातचीत से फ़ायदा हो?